दिन– मंगलवार

दिनांक– 21 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा। उम्मीदवार तेईस अक्टूबर तक नाम ले सकते हैं वापस।

02 सुगौली विधानसभा क्षेत्र से वीआईपी उम्मीदवार शशिभूषण सिंह का नामांकन पत्र हुआ रद्द। लालगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आदित्य राजा ने नामांकन वापस लिया।

03. सासाराम सीट से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद झारखंड पुलिस ने बैंक डकैती के एक मामले में गिरफ्तार किया।

04. और, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेएमएम ने लगाया आरोप– महागठबंधन के रवैये कारण पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में नहीं उतार सकी अपने उम्मीदवार।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्रों की की जांच का काम आज पूरा कर लिया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्क्रूटनी में कई उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया।

–––बाईट–––

बेगूसराय जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों से नौ उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया गया। तिहत्तर उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। शिवहर विधानसभा क्षेत्र से तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। वहीं, भभुआ विधानसभा क्षेत्र से एक और चैनपुर विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन रद्द किये गये। सुपौल जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों से अब उनचास उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पिपरा विधानसभा क्षेत्र से आठ अभ्यर्थियों का नामांकन रद्द किया गया है। चार अन्य विधानसभा क्षेत्रों से किसी भी उम्मीदवार का नामांकन रद्द नहीं हुआ है। खगड़िया जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों से इक्यावन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिनमें पन्द्रह के नामांकन रद्द कर दिये गये। कटिहार जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों से इक्कीस प्रत्याशियों के नाम रद्द कर दिये गये। अब चुनावी मैदान में कुल चौरानवे प्रत्याशी बचे हैं। इधर, मधेपुरा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों से सैंतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। समाचार कक्ष से मैं अभिषेक दास।

---

दूसरे चरण के तहत ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। उम्मीदवार तेईस अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली विधानसभा क्षेत्र से वीआईपी उम्मीदवार शशिभूषण सिंह का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। उनके नामांकन पत्र में दस प्रस्तावकों की जगह सिर्फ एक प्रस्तावक का नाम था। साथ ही उनका शपथ पत्र भी अधूरा था, जिस कारण पर्चा रद्द किया गया। शशिभूषण सिंह वर्तमान में राजद के विधायक है और इस बार उन्होंने वीआईपी के टिकट पर नामांकन दाखिल किया था। इससे पहले सारण जिले के मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का भी नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द किया जा चुका है।

---

वैशाली जिले की लालगंज सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आदित्य राजा ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस सीट पर महागठबंधन के ही दो घटक दल कांग्रेस और राजद आमने–सामने थे। कांग्रेस के उम्मीदवार द्वारा नामांकन वापस लिये जाने के बाद इस सीट पर महागठबंधन से शिवानी शुक्ला उम्मीदवार हैं। वे मुन्ना शुक्ला की बेटी हैं। इस सीट पर पहले चरण की तरह छह नवम्बर को मतदान होना है।

---

भाजपा ने मोहनिया सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी स्वेता सुमन के नामांकन को निरस्त करने की मांग निर्वाचन आयोग से की है। पार्टी ने कहा है कि स्वेता सुमन उत्तर प्रदेश की मूल निवासी हैं। साथ ही उनके नामांकन पत्र में भी कई त्रुटियां हैं।

---

भाजपा की बागी आशा सिन्हा का दानापुर निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन रद्द हो गया है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने जन सुराज के टिकट पर अपना नामांकन दाखिल किया था।

पटना साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार शिशिर कुमार ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रत्नेश कुशवाहा के समर्थन में प्रचार करने का फैसला किया है। शिशिर कुमार पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू के पुत्र हैं और उन्होंने भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय नामांकन पत्र भरा था।

मोतिहारी से राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के घर पुलिस ने छापेमारी कर हत्या के एम मामले में फरार चल रहे आरोपी सुबोध यादव को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी भाजपा नेता राजन कुमार की हुई हत्या के मामले में की गयी है।

———————————————————————

सासाराम सीट से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ये गिरफ्तारी झारखंड के गढ़वा जिला पुलिस ने सासाराम पुलिस की मदद से की। गिरफ्तारी के बाद सत्येन्द्र साह को गढ़वा लाया गया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। बाद में सत्येन्द्र साह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सत्येंद्र साह पर गढ़वा के चिरौंजिया मोड़ स्थित बैंक में डकैती का आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ दो हजार अठारह में स्थायी वारंट जारी हुआ था। रोहतास के एसडीपीओ कुमार वैभव ने बताया, पुलिस रिकॉर्ड में सत्येंद्र साह के खिलाफ लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट और धमकी जैसे बीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर के मीनापुर और कांटी विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि दो हजार पांच में एनडीए की सरकार बनने के बाद से बिहार में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये कहा कि सरकार के फैसलों से आम लोगों का जीवन आसान हुआ है।

———बाईट———

———————————————————————

राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा है कि तेजस्वी प्रसाद यादव जल्द ही चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। आप पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री मंडल ने कहा कि श्री यादव पहले पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में और बाद में महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार विधानसभा चुनाव में किसी भी सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि महागठबंधन के घटक दलों के रवैये के कारण उनकी पार्टी किसी भी सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जे.एम.एम. को महागठबंधन का हिस्सा बने रहना है या नहीं यह फैसला पार्टी प्रमुख हेमंत सोरेन करेंगे।

———बाईट———

---

विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने और जीत सुनिश्चित करने के लिए फिल्मी कलाकारों, लोक गायक और गायिकाओं को भी मौका दे रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कई लोक कलाकार और अभिनेता इस बार चुनावी मैदान में है।

———बाईट———

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार कला और फिल्म जगत की हस्तियों के साथ–साथ कई प्रोफेशनल भी चुनावी मैदान में उतरे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने लोक गायिका मैथिली ठाकुर को दरभंगा की अलीनगर सीट से उम्मीदवार के रूप में उतारा है। वहीं भोजपुरी फिल्म जगत के जाने–माने अभिनेता खेसारी लाल यादव राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर छपरा से चुनाव लड़ रहे हैं। जाने–माने भोजपुरी गायक रितेश रंजन पांडे जन सुराज पार्टी से रोहतास जिले की करगहर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में है। पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे जमालपुर और अररिया निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं असम कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा भी इस बार बक्सर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले और मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले सभी प्रिंट विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से पूर्व–प्रमाणन प्राप्त करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि निष्पक्ष प्रचार का वातावरण सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक विज्ञापनों के लिए आवेदकों को विज्ञापन की प्रस्तावित तिथि से कम से कम दो दिन पहले राज्य और जिला स्तर पर समिति को आवेदन जमा करना होगा।

---

राज्य में आदर्श संहिता लागू होने के बाद से विभिन्न प्रर्वतन एजेंसियों, गश्ती यूनिटों और निगरानी टीमों ने सत्ताईस करोड़ छब्बीस लाख रुपये मूल्य की शराब और करीब सत्रह करोड़ चौहत्तर लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। मतददाताओं को लुभाने के लिए एकत्र की गई पन्द्रह करोड़ बत्तीस लाख रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। इसके अलावा पांच करोड़ चौहत्तर लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

---

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। चर्चित फिल्म अभिनेता और स्टेट स्वीप आईकॉन क्रांति प्रकाश झा ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

———बाईट———

---

बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए आम लोगों ने सी–विजिल एप के माध्यम से अब तक छह सौ पचास शिकायतें दर्ज करवाई हैं। इनमें से छह सौ उनचास शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि छह सौ बारह शिकायतों का समाधान सौ मिनट के भीतर किया गया।

---

प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता गोवर्धन असरानी का कल चौरासी वर्ष की आयु में निधन हो गया। पांच दशकों से अधिक के करियर में असरानी ने हिंदी सिनेमा में विशेष रूप से हास्य कलाकार के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक श्रद्धाजंलि –

———बाईट———

असरानी का जन्म 1 जनवरी 1941 को जयपुर में हुआ था। उन्होंने जयपुर के सेंट जेवियर्स स्कूल से पढ़ाई की और फिर राजस्थान कॉलेज से स्नातक भी किया। उन्होंने दो–तीन साल आकाशवाणी, जयपुर में काम किया और फिर पुणे के फ़िल्म इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया। साल 1967 में फिल्म हरे कांच की चूड़ियां से असरानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद वो बॉलीवुड की फिल्मों में नजर आए और अपनी कॉमिक टाईमिंग के लिए मशहूर हुए। शोले में जेलर की भूमिका के लिए वे प्रसिद्ध हुए। असरानी ने यह रोल चार्ली चौपलिन और हिटलर की स्टाइल को मिलाकर निभाया था।

असरानी ने चुपके चुपके, भूल भुलैया, धमाल तथा बंटी और बबली–2 जैसी हिट फिल्मों में भी अभिनय किया। उनके निधन से उनके चाहने वालों में शोक की लहर है। समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

---

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक मकान में पुलिस ने छापेमारी कर नशीली सुई बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मौके से नौ सौ वाइल इंजेक्शन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा। उम्मीदवार तेईस अक्टूबर तक नाम ले सकते हैं वापस।

02 सुगौली विधानसभा क्षेत्र से वीआईपी उम्मीदवार शशिभूषण सिंह का नामांकन पत्र हुआ रद्द। लालगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आदित्य राजा ने नामांकन वापस लिया।

03. सासाराम सीट से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद झारखंड पुलिस ने बैंक डकैती के एक मामले में गिरफ्तार किया।

04. और, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेएमएम ने लगाया आरोप– महागठबंधन के रवैये कारण पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में नहीं उतार सकी अपने उम्मीदवार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।